श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
13.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 196

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:06 बजे
अस्त - 06:04 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 19 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

# बंशीधर न्यूज

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



हलचल व निराला के गीतों पर झूमे श्रोता >> पेज 03
श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन >> पेज 04

**सुविचार**

हमेशा अपने आप से कहते रहें कि यह समय बीत जायेगा

**न्यूज अपडेट्स**

### इस वर्ष नहीं बदलेगा अप्रैल से कोर्ट का समय : हाई कोर्ट

**रांची।** राज्य में इस वर्ष जिला अदालतों में सुनवाई का समय नहीं बदलेगा। हर वर्ष रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई होती थी लेकिन अब झारखंड हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में ही सुनवाई जारी रखने की सूचना बुधवार को जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### रिम्स. 14 व 15 को बंद रहेगा ओपीडी

रांची। रिम्स का ओपीडी 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा। रिम्स प्रशासन की जारी सूचना के मुताबिक, इस दौरान ईमरजेंसी सेवा, फोरेंसिक मेडिसिन, रेडियोलॉजी विभाह और पाकशाला अन्य दिनों की तरह की खुला रहेगा। जारी सूचना के मुताबिक, होली को लेकर 14 मार्च को छुट्टी घोषित है। इसलिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। जबकि 15 मार्च को भी ओपीडी सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया है। दोनों दिन ओपीडी के अलावा निदेशक कार्यालय, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, सभी विभाग, ि ु स् त ा क ा ल ा ट ा, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, जीव रासायन विभाग, एमआरडी और सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग बंद रहेगा।

**कैबिनेट** कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# सिर्फ 1600 मीटर ही दौड़ेंगे उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में हुई। बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट में उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधन पर सहमति दी गई है। उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधित नियमों के मुताबिक अब अभ्यर्थियों को 10 किलोमीटर नहीं दौड़ना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अब 10 किमी की जगह 16सौ मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी। इसके अलावा महिला अभ्?यर्थियों को पूर्व की तरह 16 सौ मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी, लेकिन अब इसके लिए समय को घटाकर 10 मिनट कर दिया गया गया



है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने खनिजों पर भी सेस दर बढ़ाने का फैसला लिया है। खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 की समीक्षा की गयी तो पता चला कि अन्य खनिज बहुल राज्यों की तुलना में झारखंड में सेस दर काफी कम है। इसी वजह से सेस दर में बढ़ोत्तरी करने का फैसला लिया गया है। खनिज धारित भूमि पर सेस से ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक वसूलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। वर्तमान में कोयला और लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से सेस लिया जाता है।

### सेविका सहायिका चयन नियमावली में संशोधन

इसके अलावा झारखंड में सेविका सहायिका चयन नियमावली और चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा नियमावली में भी बदलाव किया गया है। अब जनजातीय इलाकों में दो किमी के दायरे में रहनेवाली महिलाओं का चयन सेविका और सहायिका के रूप में हो सकेगा। पूर्व में यह दायरा केवल एक किमी ही था, जिसे बढ़ाया गया है। वहीं, पीडीएस दुकानों में ई पोश मशीनों के लिए कंपनी की सेवा में विस्तार दिया गया है। साथ ही साथ आंधी तूफान और लू को भी आपदा में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

### बिरसा जैविका उद्यान में लगेगी धरती आबा की प्रतिमा

रांची के ओरमांझी स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की नौ फीट ऊंची प्रतिमा लगाया जाएगा। मूर्ति लगाने के निर्णय को कैबिनेट से मंजूरी दी गई। प्रतिमा लगाने पर कुल 25 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं एल ख्यांगते को जेपीएससी का अध्यक्ष बनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।

## झारखंड में 14 से लू का अर्ल्ट, बरतें सावधानी

**रांची।** झारखंड में मार्च माह से ही लू चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अर्ल्ट जारी किया है। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 14 मार्च को राज्?य के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा 15 और 16 मार्च को पलामू तथा गढ़वा जिले में लू चलने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हांन प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है।

### लू चलने की वजह

मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह स्थिति देश के पश्चिमी भाग से आने वाली गर्म हवाओं के साथ एंटी साइक्लोन के प्रभावी होने की वजह से पैदा हुई है। विभाग का कहना है कि उपर्युक्त जिलों में तापमान बढ़कर 40 डिग्री हो सकता है। वहीं राज्य के अन्य जिलों में आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। रांची और आसपास के इलाकों में भी तापमान बढ़कर 37-38 डिग्री होने की आशंका मौसम विभाग ने व्यक्त की है, जिसमें कोल्हान के जिले शामिल हैं।

वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिन में मौसम साफ रहा और दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। हालांकि सुबह और शाम में अभी भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.1 और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री, जमशेदपुर में 38.6 और 17.4, डालटेनगंज में 39.2 और 16.1 तथा बोकारो में अधिकतम 38.1 और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### अमन गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची की पुलिस ने अमन साव गैंग के तीन अपराधियों को बीती रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सिकिदरी थाना क्षेत्र के अजय सिंह,रातू थाना क्षेत्र के समीर कुमार बाग्ची उर्फ कुल्लू बंगाली और मांडर थाना क्षेत्र के वसीम अंसारी शामिल है। इनके पास से एक पिस्टल, मैग्जीन, दो गोली, दो देशी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि सात मार्च को कोयला व्यवसायी विपिन मिश्रा के ऊपर फायरिंग की गई थी। इसके बाद रांची पुलिस ने कई टीमों का गठन कर संगठित अपराधियों के खिलाफ एक साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अमन साव गैंग के तीन सदस्यों को अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ पकड़ा गया है, पकड़े गए सभी अपराधकर्मियों का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि अजय सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 14 से अधिक मामले दर्ज है। जबकि समीर कुमार बाग्ची उर्फ कुल्लू बंगाली पर पूर्व से तीन से अधिक मामले दर्ज है। वसीम अंसारी पे० जमरूद्दीन अंसारी के खिलाफ विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की उच्च स्तरीय बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# पर्व-त्योहारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस



को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

-आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

-विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारी/बलों की प्रतिनियुक्ति करें।

-धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।

-जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।

-जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी- बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**गंभीर चिंता का विषय**

# समरथ को नहीं दोष गोसाईं...



धीरेन्द्र चौबे

समरथ को नहीं दोष गोसाईं' रामचरितमानस के बालकांड की इस चौपाई का मतलब है कि जो व्यक्ति सामर्थ्यवान है, उसमें कोई दोष नहीं होता। सदियों से ऐसा होता आया है और आज भी हो रहा है। जिसके पास पैसा और पॉवर है, उसकी स्वेच्छाचारिता और मनमानी मौजूदा सिस्टम के लिए सब कुछ जायज सा हो जाता है। ऐसा हो रहा है, वह भी गढ़वा जिले में हो रहा है। यहां पलामू जिले के शंखा से रेहला और गढ़वा शहर होते हुए खजूरी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य कर रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्वेच्छाचारिता और मनमानी की पराकाष्ठा को पार कर दिया है। लेकिन उस पर कठोर कार्रवाई नहीं होने से ऐसा लगता है कि कंपनी बेहद सामर्थ्यशाली है, इसलिए उस पर लगे आरोपों पर कार्रवाई के बदले जांच जांच का खेल चल रहा है। शिवालया कंपनी लगभग 200 करोड़ की लागत से शंखा से रेहला और गढ़वा शहर होते हुए खजूरी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य कर रही है। लेकिन इस कार्य में उसके अवैधानिक और अनैतिक कार्य की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। कंपनी ने फरवरी महीने में रेहला में कोयल नदी पर पलामू और गढ़वा को जोड़ने वाले पुल के ठीक बगल में बिना किसी अनुमति के विस्फोटक का प्रयोग कर नदी में पत्थर को ब्लास्ट किया, जिससे पुराने पुल व आसपास में कई घरों में दरारें आ गयीं और कई बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। मामले की जांच हुई, लेकिन अपेक्षित कानूनी कार्रवाई नहीं होने के कारण कंपनी की मनमानी और स्वेच्छाचारिता पर अंकुश नहीं लगा। कंपनी ने शंखा से खजुरी तक के पुराने कलवर्ट और पुल पुलिया के मलबों को डायवर्सन बनाने के बहाने कोयल नदी के पुराने पुल के बगल में भरकर नदी के स्वरूप को ही बिगाड़ दिया। जब पुराने को बिना तोड़े उसके बगल में नये पुल का निर्माण किया जाना है तो कई गांवों और शहरों की लाइफलाइन कोयल नदी में पुल पुलिया के मलबों को डालकर डायवर्सन बनाने का औचित्य समझ से परे है। कंपनी का इतने से भी जी नहीं भरा तो उसने बालू के अवैध खनन और उठाव के लिए नदी की धारा को बदलकर पर्यावरण और प्रकृति को तहस नहस कर दिया। विशेषज्ञ मानते हैं कि वर्तमान में विकास के लिए भविष्य में विनाश को आमंत्रित नहीं किया सकता। शिवालया कंपनी सड़क चौड़ीकरण यानी जिस विकास के लिए जो रास्ते अपना रही है, वह वर्तमान में उसके लिए लाभकारी है लेकिन भविष्य में पलामू और गढ़वा के लोगों के लिए विनाशकारी साबित होगा। कंपनी को कार्यादेश के मुताबिक काम करनी चाहिए न कि पैसे बचाने के लिए शॉर्ट कट रास्ता अख्तियार करना चाहिए। सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्यावरण और प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर कंपनी विकास की आड़ में विनाश के दरवाजे खोल रही है। सड़क चौड़ीकरण कार्य में शिवालया कंपनी का जो ट्रैक रिकॉर्ड दिख रहा है, उससे मालूम पड़ता है कि उसने स्वेच्छाचारिता और मनमानी की सारी सीमाएं लांघ दी है। ऐसे में जिला प्रशासन और सरकार को कपंनी के विरुद्ध कड़े कदम उठाने की जरूरत है। वैसे भी अभी तक इस देश में पर्यावरण का मुद्दा सरकारों की प्राथमिकता में नहीं रहा है, इसलिए नदी से बालू उठाव व जंगल-पहाड़ों में पत्थर तोड़ने पर सामान्यतः प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नहीं जाता है, परंतु गढ़वा में इस मुद्दे पर ध्यान नहीं जाना लापरवाही है, जो यहां की आने वाली पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर देगी। इसलिए सरकार इस पर सख्त कदम उठाये।

# एसडीओ संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में की गई मंडल कारा में औचक छापामारी



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात मंडल कारा गढ़वा में औचक छापामारी और तलाशी की गई। तलाशी अभियान में कई दंडाधिकारी एवं पुलिस के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही। ज्ञात हो कि विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मंडल कारा के सभी वार्डों में समय-समय पर औचक जांच तथा निरुद्ध कैदियों की विधिवत तलाशी की कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार मध्य रात्रि को मंडल कारा गढ़वा के सभी वार्डों की सघन तलाशी एसडीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल के द्वारा की गई। छापामारी के लिये गठित अलग-अलग टीमों द्वारा महिला वार्ड सहित सभी वार्डों में गहन तलाशी ली गई। उक्त तलाशी का कार्य रात्रि लगभग 10:30 बजे से आरंभ हुआ जो लगभग मध्यरात्रि तक चला। एसडीओ ने बताया कि उक्त छापामारी के दौरान कोई भी ऐसी संवेदनशील या आपत्तिजनक सामग्री जेल के अंदर या कारा वार्डों में नहीं मिली जो कि जेल मैनुअल के नियमों के प्रतिकूल हो। उन्होंने कहा कि यह रूटीन छापेमारी थी, इस प्रकार की औचक छापेमारी समय-समय पर आगे भी जारी रहेगी। छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, बीडीओ गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ मेराल यशवंत नायक, प्रशिक्षु उपसमाहर्ता रविकांत शर्मा, थाना प्रभारी गढ़वा बृज कुमार, थाना प्रभारी मेराल विष्णुकांत, महिला थाना प्रभारी सहित थाना प्रभारी स्तर के कई पदाधिकारियों सहित लगभग 200 से अधिक पुलिस बल की मौजूदगी थी।

## न्यूज अपडेट्स

### विद्यालय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण रोकने की मांग

**भवनाथपुर :** परियोजना बालिका हाईस्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश यादव ने सीओ को आवेदन सौंपकर विद्यालय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सीओ को लिखे आवेदन में उल्लेख किया है कि खाता-99, प्लॉट-255 रकबा 1.50 एकड़ स्व विश्वनाथ सिंह पिता बाबु जटाधारी सिंह के द्वारा 17 अगस्त 1984 को बिहार सरकार को विश्वनाथ सिंह गर्ल्स हाईस्कूल भवनाथपुर को दान में दिया गया है। कुल भूमि के आधे भाग में विद्यालय संचालन होता है। शेष भूमि का सीमांकन के अभाव में इस पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। वर्तमान में विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है। अतः विद्यालय की भूमि का सीमांकन किया जाय, जिससे अतिक्रमण पर रोक लग सके और विद्यालय की भूमि सुरक्षित रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने उक्त आवेदन की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी और थाना प्रभारी को भी दी है।

### नगर निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज कर दी गई है। मतदाता सूची को वार्डवार विखंडित कर मतदान केंद्रवार तैयार कर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसी क्रम में 10 मार्च को मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग-ख), छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत व हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है जिसे एनआईसी पलामू के वेबसाईट पर भी देखा जा सकता है। उक्त प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा/आपत्ति 20 मार्च 2025 को संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त किये जायेंगे, जिसके बाद 22 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

## उत्सव

### होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# कौशल का होली गायन

बंशीधर न्यूज

**रमकंडा :** प्रखंड के उदयपुर पंचायत भवन में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में भोजपुरी गायक कौशल मधुर ने होली गीतों से लोगों को सराबोर कर दिया। वहीं बेहतरीन डांस की प्रस्तुति देकर उन्होंने सभी का मनमोह लिया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमकंडा सीओ अनिल रविदास, बीडीओ संजय कोनगड़ी, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया, प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, मुखिया शकुंतला देवी, बीडीसी रूपम देवी, प्रमुख पति नंदलाल राम, मुखिया




बिनोद प्रसाद एवं शिक्षक शिवलखन लकड़ा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये सीओ अनिल रविदास ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते हैं।इसलिये सभी लोग आपस मे मिलजुलकर पर्व को मनाने का काम करें। कार्यक्रम के दौरान लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मुखिया पति राजकिशोर यादव ने किया। मौके पर देवनाथ राम, बीडीसी अमित हस्सा, लालमोहन पासवान, उपमुखिया पति मुनिल पासवान, सीताराम यादव, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक उत्तम कुमार, अभय पाल, राजेश कुमार, भुवनेस्वर सिंह, संजय पांडेय, रामाकांत राम, रोजिद मंसूरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मेराल में 14 मार्च को मनेगी होली



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम संचालन समिति की बैठक में 14 मार्च को रंगों का त्यौहार होली मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले गढ़देवी मंदिर में लिये गये निर्णय के अनुसार 15 मार्च को होली मनाने पर सहमति बनी थी, परंतु बैठक में सभी सदस्यों तथा गणमान्य लोगों ने विचार विमर्श के बाद होलिका दहन का समय 13 मार्च दिन गुरुवार को शुभ मुहूर्त 11:30 बजे रात्रि में रखा गया तथा रंगों का त्यौहार होली 14 मार्च दिन शुक्रवार को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मेराल पूर्वी के मुखिया मुखिया रामसागर महतो, पश्चिम के मुखिया पति मुन्ना राम, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद उर्फ लाला जी, रामेश्वर विश्वकर्मा, मोतीचंद प्रसाद, बलराम कृष्ण शर्मा, मिथिलेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रामजी ठाकुर, जय कुमार जायसवाल, सोहराई प्रसाद, कृष्ण प्रसाद शौंडिक सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## अधिवक्ता संघ परिसर में होली खेले रघुवीरा अवध में...

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** होली में अभी चार दिन शेष रह गया है। इस बीच पूरा शहर होली के मूड में रंग गया है। होली महापर्व को लेकर बुधवार को कई जगह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कचहरी परिसर स्थित पलामू जिला अधिवक्ता संघ परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र में न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि होली का बड़ा ही महत्व है। इस पर्व



को हम सभी एक दूसरे का सम्मान करते हुये मनाएं। इस अवसर पर अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी, कुश कुमार आदि ने एक से एक बढ़कर होली गीत गाये। होली खेले रघुवीरा अवध में ... गीत पर जमकर ताली बजी और लोग काफी देर तक झूमते रहे। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश संजीव दास, एडीजे विनोद कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, राजकुमार मिश्रा, शंकर महाराज, न्यायिक दंडाधिकारी संजय सिंह यादव, निशिकांत, रोजलीना बाड़ा, समीरा खान, अर्पित श्रीवास्तव कमल प्रकाश, पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव महासचिव अजय पांडेय, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, ललित कुमार शुक्ला, संजय कुमार पांडेय, शशि भूषण दुबे समेत काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### एमके इंटरनेशनल स्कूल में होली उत्सव का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर स्टेशन रोड में स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यु कुमार सिंह, डायरेक्टर मनीष कुमार सिंह के होली तिलक से किया गया। होली उत्सव में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज, मैनेजर रवींद्र शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह तथा सभी शिक्षक, अन्य स्कूल कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में भाग लिये। समारोह में हरेंद्र यादव और सुनील कुमार यादव ने उत्साह से होली गीत प्रस्तुत कर किया। सभी शिक्षक ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को मिली सुविधा देख भड़के अधिकारी

**मेदिनीनगर :** आगामी त्योहार एवं संगठित अपराध से निपटने की कवायदों के तहत जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को दिन में ही पलामू के सेंट्रल जेल में छापामारी की गयी। विश्वस्तसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छापामारी के दौरान जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को विशेष सुविधा दिया जाना देखा गया। दिनेश गोप को सेंट्रल जेल में कई कमरे मुहैया कराये गये थे। एक कमरे का इस्तेमाल पूजा रूम और बाकी का अन्य सुविधाओं के लिये किया जाता था। यह सब देख छापामारी में शामिल पलामू के अधिकारियों का पारा हाई हो गया। जानकारी के अनुसार पलामू डीसी शशि रंजन और एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में बुधवार को पलामू सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में दिनेश गोप को सेंट्रल जेल के अंदर दी जाने वाली विशेष सुविधाओं का खुलासा हुआ है। इस दौरान अधिकारियों को जेल से जुड़ी कई अन्य जानकारियां मिली हैं। छापेमारी के दौरान वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। दिनेश गोप को दी जाने वाली सुविधाओं को देख अधिकारी नाराज हो गये हैं और कार्रवाई करने की बात कही है। पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथी कारजी ने बताया कि छापेमारी की गई है। महाशिवरात्रि के दौरान दिनेश गोप को कमरे मुहैया कराये गये थे। यह छापामारी करीब डेढ़ से दो घंटे तक चली। गौरतलब हो कि दिनेश गोप को कुछ महीने पहले ही पलामू सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया है। दिनेश गोप जेल के अंदर इंटरनेशनल ब्रांड के कपड़े इस्तेमाल कर रहा है। छापेमारी टीम ने जेल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया है।

### पलामू पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**मेदिनीनगर :** होली महापर्व, रामनवमी समेत अन्य आगामी तेहारों तथा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पलामू पुलिस ने बुधवार को राईट कंट्रोल मॉक ड्रिल किया। स्थानीय पुलिस लाईन मैदान में आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिस हस्तक नियम 621 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-148 व 149 के अनुसार विधि विरुद्ध जमाव, दंगा व बलवा की स्थिति से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से जानकारी दी गई। इस अभ्यास में दंगारोधी उपकरण, वाटर कैनन ट्रक, राईट कंट्रोल व्हीकल, एम्बुलेंस, एचटीजी गन, स्मोक सेल, चिल्ली ग्रेनेड आदि का भी अभ्यास किया गया। अभ्यास के बाद पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि लोग होली, रामनवमी एवं अन्य आयोजनों को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। इस दौरान प्रशिक्षु एसडीपीओ राजीव रंजन व राजेश यादव, परिचारी विमल कुमार चंद्रवंशी व मैरी खलखो आईआरबी-10 के अवर निरीक्षक नागेन्द्र चौधरी समेत पलामू पुलिस के जवान मौजूद थे।

## एलएचएस/आरयूबी निर्माण संबंधी सांसद के पत्र पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने लिया संज्ञान

# पलामू-गढ़वा के विभिन्न स्थानों की करायी जांच

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम की ओर से रेलवे बोर्ड को पलामू संसदीय क्षेत्र में एलएचएस/आरयूबी निर्माण संबंधी प्रेषित पत्र पर बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने संज्ञान लिया है। बोर्ड ने सांसद की ओर से प्रेषित पत्र में प्रस्तावित एलएचएस/आरयूबी के स्थलों की जांच करायी है। जानकारी के अनुसार सांसद ने विगत वर्ष 28 नवम्बर को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को पत्र लिखकर पलामू-गढवा के विभिन्न स्थानों पर एलएचएस-आरयूबी का निर्माण कराने का अनुरोध किया था। उक्त पत्र के आलोक में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने पलामू-गढवा के विभिन्न स्थानों की जांच कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराया है। इनमें सोनपुरवा, अहिरपुरवा, बुढ़वापीपर चियांकी, केचकी-चियांकी बखारी में एवं कुंभी में आरयूबी निर्माण को लेकर उपरोक्त स्थानों पर सड़क परियोजना के हिस्से के रूप में सडक स्वामित्व



प्राधिकरण-राज्य सरकार-एनएचएआई द्वारा गैर-एलसी स्थान पर अतिरिक्त सड़क क्रॉसिंग कार्य किए जा सकते हैं। जांच रिपोर्ट के मुताबिक अपवाद स्वरूप मामलों में, रेलवे ट्रैक क्रॉसिंग कार्य (सबवे / एफओबी) का प्रावधान रेलवे द्वारा किया जा सकता है, यदि स्थान ट्रेन संचालन में सुरक्षा, ट्रेनों की गतिशीलता और अतिक्रमण के कारण बुनियादी ढांचे की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, तो इसकी प्राथमिकता, व्यवहार्यता और धन की उपलब्धता के आधार पर फेज वाइज एलएचएस-आरयूबी के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू किया जाएगा।

डाली, लहर बंजारी में आरयूबी निर्माण की व्यवहार्यता की जांच रिपोर्ट के मुताबिक कम ऊंचाई वाले बैंक और जल निकासी संबंधी मुद्दों के कारण यह तकनीकी रूप से व्यवहार्य नहीं है। दोनों स्थानों के लिए रैंप सहित फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट-विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कजरात नवाडीह सेक्शन पर किलोमीटर 377/5-7 पर एल.सी. नंबर 32 के बदले आरयूबी के निर्माण की व्यवहार्यता की जांच रिपोर्ट में बैंक की कम ऊंचाई के कारण तकनीकी रूप से व्यवहार्य नहीं पाया गया है। उक्त स्थान पर आरओबी के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है।

बेगमपुर एल.सी. संख्या 53 के स्थान पर आरयूबी के निर्माण की व्यवहार्यता की जांच रिपोर्ट में तकनीकी रूप से यह संभव नहीं पाया गया है, क्योंकि यह राज्य राजमार्ग के लिए फीडर रोड है और पूरे साल भारी वाहनों की आवाजाही होती है। हालांकि, यहां पर आरओबी निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। सतबहिनी व मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच पिलर संख्या 340/33, गेट संख्या 58 के पास आरयूबी ट्रेन व्हीकल यूनिट (टीवीयू) कम होने के कारण एल.सी. संख्या 58 को बंद कर दिया गया है। उक्त स्थान पर आरयूबी का निर्माण कार्य संभव नहीं है, लेकिन गढ़वा-सोन नगर सेक्शन पर किलोमीटर 341/35-37 पर एलसी नंबर 57 के बदले एलएचएस के निर्माण का काम प्रगति पर है। इसके अलावा किलोमीटर 339/23-25 पर एलसी नंबर 59 के बदले आरओबी के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम शुरू हो गया है। सांसद ने कहा कि उपरोक्त स्थानो पर आरयूबी-आरओबी का निर्माण हो जाने से जनता को आवगमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिल सकेगा।



# किसानों को दिलाएं कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ : डीसी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन ने बुधवार को कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुये योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गति लाने तथा कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। उन्होंने आदिम जनजाति परिवारों को मत्स्य पालन के लिये जागरूक करते हुये इस दिशा में प्रोत्साहित करने तथा बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया। ताकि पलामू में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिये नर्सरी को विकसित करने, गव्य विकास की संचालित योजनाओं में प्रगति लाने व वर्मी कम्पोष्ट की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक दिलीप कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, मत्स्य पदाधिकारी मो कमरू जमां, गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कमलेश सिंह के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम

**हुसैनाबाद :** पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, रामप्रवेश सिंह, विनोद पांडेय, अजय प्रसाद गुप्ता सहित नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये। मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। लोक कलाकारों ने होली पर एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी को फगुआ के रस में विभोर कर दिया। बीनू सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता को मजबूत करने का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह होली के रंग एक दूसरे से मिलकर खूबसूरती बिखेरते हैं, उसी तरह समाज के भिन्न भिन्न संस्कृति के लोग जब आपस में मिलकर एक दूसरे के पर्व त्योहारों में शामिल होते हैं तो एक सुंदर भारत की तस्वीर उजागर होती है।

### बर्खास्त अनुसेवक ने डा मेहता का जताया आभार

**मेदिनीनगर :** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल के दौरान पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा 255 बर्खास्त अनुसेवकों के सम्बन्ध में आवाज उठाये जाने के बाद 255 अनुसेवकों के प्रतिनिधि मण्डल ने विधायक से उनके आवास पर मिलकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में राकेश कुमार ठाकुर, विवेका कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, पिंटू पासवान, सुरेश कुमार सिंह, सकेंद्र मेहता, पुरुषोत्तम शुक्ला, विनय कुमार मेहता, पपू कुमार, सुधाकर दुबे, निरंजन राम, सकेन्द्र शुक्ला, दिनेश उरांव एवं लगभग 100 बर्खास्त अनुसेवक शामिल थे।

**समारोह** जंगीपुर में होली मिलन समारोह आयोजित

# हलचल और निराला के गीतों पर झूमे श्रोता

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के जंगीपुर में स्थित सिंचाई विभाग के मैदान में मंगलवार को होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम युवा समाजसेवी राकेश कुमार मेहता उर्फ टूटू एवं मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



### भोजपुरी गीतों से सजी संगीतमयी शाम

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भोजपुरी गायक उदय हलचल और स्थानीय गायक विवेक निराला की शानदार प्रस्तुति रही। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उदय हलचल की जोशीली गायकी और विवेक निराला की सुरीली आवाज ने माहौल में रंग घोल दिया। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, दर्शक झूमने पर मजबूर हो गये और पूरे कार्यक्रम में उत्साह बना रहा। संगीत में संगत देने के लिये ढोलक वादक गुड्डू दबंग, तबला वादक गोलू, बैंजो वादक छोटे लाल और कोरस गायक साकेत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनकी ताल और संगीत की जुगलबंदी ने कार्यक्रम को और शानदार बना दिया। मौके पर राकेश मेहता ने कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली ऐतिहासिक धरोहर है। नफरत फैलाने वालों की इसमें कोई जगह नहीं। इसे उमंग और उत्साह के साथ सामाजिक सद्भाव के पर्व के रूप में मनाना चाहिये। मौके पर जवाहर प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र गुप्ता, अवधेश कुमार, वीरसिंह मेहता, विक्री कुमार गोस्वामी, रंजीत कुमार, छोटू चंद्रवंशी, सुनील मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री ने पटाखा दुकान में हुई मौत पर जताया शोक, मुआवजे का अनुरोध

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना गांव में सोमवार को पटाखा दुकान में हुये भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पीड़ित परिवारों के प्रति ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुर्घटना को बेहद दुखद और हृदयविदारक बताया और पीड़ितों के लिये हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने के लिये वह व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत रहेंगे। पूर्व मंत्री ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिये आम जनता और प्रशासन दोनों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटाखों जैसी ज्वलनशील सामग्रियों की खरीद-बिक्री के दौरान पूरी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा दुकानों को अनुमति न दी जाय। पटाखा बेचने वालों के लिये कड़े नियम बनाये जाएं और केवल मानक पूरा करने वालों को ही लाईसेंस मिले।



### घर से नहीं लौटने की बात कहकर निकले युवक का शव दो हिस्सों में बंटा मिला



**विश्रामपुर :** धनबाद रेल मंडल के तोलरा व गढवा रोड रेलवे स्टेशन के बीच गुरहा गांव के समीप बुधवार की सुबह जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक से एक 30 वर्षीय युवक का शव दो हिस्सों में बंटा हुआ बरामद किया है। मृतक की पहचान रेहला थाने के गुरहा गांव के अख्तर हवारी के रूप में हुई है। गढवा रोड जीआरपी के थाना प्रभारी बीरबल राम ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया है। गांव से मिली जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर परिवार में विवाद हुई थी जिससे वह नाराज होकर घर से यह कहकर निकला था कि फिर वह वापस नहीं लौटेगा। थाना प्रभारी बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन किया जा रहा है।

### जायंट्स ने होली सामग्री का किया वितरण



**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में खजूरी बिन टोला में कैलाश पर्वत पर जरुरतमंद बच्चों के बीच होली सामग्री अबीर, गुलाल मिठाई, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष राकेश केशरी ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। होली में लोग सारे गिले, शिकवे, आपसी दुश्मनी को भूलाकर एक हो जाते हैं और होली मनाते हैं। होली में रसायन वाले रंग, कीचड़, मोबिल आदि के उपयोग से बचना चाहिये। किसी भी व्यक्ति के साथ जबरदस्ती नहीं करना चाहिये। होलिका दहन में सारे बुराईयों को जला कर भरपूर आनंद और पूरे उत्साहपूर्ण वातावरण में होली मनाना चाहिये। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मनोज केशरी, नंद कुमार गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, चंद्र भूषण सिन्हा, विनोद गुप्ता अरविन्द तूफानी, संजय ठाकुर, जितेंद्र कमलापुरी, विजय केशरी आदि उपस्थित थे।

### बसपा नेता गिरफ्तार



**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के दुबेतहले गांव के हरिजन टोला निवासी स्व चुटुर राम के पुत्र सह बसपा नेता बिगू राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि एक पुराने मामले में बिगू राम के खिलाफ गिरफ्तारी वारण्ट निर्गत था, जिसके आलोक में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि शाम को गस्ती के दौरान एएसआई आलोक कुमार के द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## होली को लेकर जीएन कॉन्वेंट में गोष्ठी का आयोजन

# गिले-शिकवे भुलकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं लोग


बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में होली त्यौहार के मद्देनजर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुये स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत में मनाये जाने वाले त्योहारों में होली का विशेष स्थान है। इसे भारत में रंगों का त्यौहार या उल्लास का त्योहार कहा जाता है। यह हमारे सनातन परंपराओं का सूचक है। यह न केवल रंगों और उल्लास का पर्व है बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। होली का यह पर्व न सिर्फ पूरे भारत में बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाने वाला त्यौहार है। होली केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। उन्होंने बच्चों को पटाखों से परहेज रखने या सावधानीपूर्वक बड़ो के देख रेख में जलाने की बात कही। मौके पर प्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक संतोष प्रसाद, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि शिक्षक उपस्थित थे।



## भवनाथपुर में द्वीप ज्योति रथ का स्वागत

**भवनाथपुर :** हरिद्वार शक्ति कुंज से चल कर भवनाथपुर पहुंचे द्वीप ज्योति रथ को मुखिया बेबी देवी की अगुआई में गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। गायत्री परिवार के सद्स्यों ने शिवपूजन फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पास से ही अगुआई कर बाहर स्थित सूर्य मंदिर के पास लाया गया। जहां शाम को छह बजे दीप यज्ञ का आयोजन सूर्यमंदिर भवनाथपुर में किया गया। उसके उपरांत टाउन शिप में इंदु देवी, नीतू सिंह, मनीषा तिवारी के द्वारा कार्यक्रम किया गया। मौके पर गायत्री परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



मौके पर बजरंगी गुप्ता, मिथिलेश कुमार, आरएल गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, शंकर गुप्ता, अजय कमलापुरी सहित अन्य गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।



## श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में श्रीलीला को कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में देखा गया था, जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। अब इन अफवाहों को और बल तब मिला जब कार्तिक की मां माला तिवारी ने अपने बेटे और श्रीलीला के रिश्ते को लेकर इशारों-इशारों में पुष्टि कर दी। आईफा अवॉर्ड्स के दौरान कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी और करण जौहर के बीच एक दिलचस्प बातचीत हुई। करण ने कार्तिक की मां से मजाकिया अंदाज में पूछा, आप अपने घर के लिए किसे चुनेंगी? इस सवाल पर दर्शकों ने अनन्या पांडे का नाम लिया, लेकिन कार्तिक की मां ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, घर की मांग एक डॉक्टर है। करण ने तुरंत ही कार्तिक की ओर देखते हुए कहा, आप एक डॉक्टर के साथ काम कर रहे हैं। श्रीलीला न केवल एक शानदार अभिनेत्री हैं, बल्कि एक एमबीबीएस डॉक्टर भी हैं। उनकी और कार्तिक की बढ़ती नजदीकियों को लेकर पहले से ही अफवाहें थीं, जिन्हें इस बातचीत ने और हवा दे दी।

## उर्वशी रौतेला बनीं रोल्स रॉयस खरीदने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस



उर्वशी रौतेला बॉलीवुड में एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उर्वशी हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ उर्वशी की बोल्डनेस की भी लगातार चर्चा हो रही है। उर्वशी ने हाल ही में एक नई कार खरीदी है। उर्वशी ने हाल ही में रोल्स रॉयस की लग्जरी कार प्रीमियम एसयूवी, रोल्स रॉयस कलिनन खरीदी है। इस शानदार कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड में किसी भी अभिनेत्री के पास यह कार नहीं है। उर्वशी यह कार खरीदने वाली पहली अभिनेत्री बन गई हैं। इसके साथ ही उर्वशी ने इंस्टाग्राम की फोर्ब्स रिच लिस्ट में भी जगह बना ली है। अंबानी, शाहरुख खान के पास है ये काररोल्स-रॉयस की यह कार बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकी है और कई मशहूर हस्तियों के पास पहले से ही यह शानदार गाड़ी मौजूद है। शाहरुख खान, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन और अल्लू अर्जुन जैसी हस्तियों के पास भी यह कार है। इसके अलावा, भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के गैराज में भी रोल्स-रॉयस की कई गाड़ियां शामिल हैं।

### पटना में होली पर रंग खेलतीं छात्राएं



# मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम निबंधित कराने की अपील की

**एसडीओ ने अफसरों एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के साथ की बैठक**

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में पदाधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को वोटर हेल्पलाईन ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी के मोबाईल में उक्त ऐप को डाउनलोड कराया गया। साथ ही राजनीतिक दलों से भी इसका प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई। बैठक में एसडीओ ने सभी लोगों को पदाधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं को सुलभ एवं उतरदायी होने के साथ-साथ पारदर्शी तरीके से कार्य करने तथा राजनीतिक दलों के द्वारा समय-समय पर उठाये गये मुद्दों के नियमानुसार हल के संदर्भ में प्राप्त निदेशों से अवगत कराया। उन्होंने ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निदेशों के आलोक में आमजनों को जागरूक करने एवं मतदाता सूची में अधिकाधिक नाम निबंधित कराने के लिये सभी के स्तर से सहयोग अपेक्षित है। एसडीओ ने कहा कि मतदाता सूची सतत पुनरीक्षण कार्यकम 2025 प्रारम्भ है। सभी राजनीतिक दल के सदस्य मूल रूप में आम व्यक्तियों के सम्पर्क में होते हैं जिससे मतदाता सूची में निबंधन के लिये योग्य व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम निबंधन के लिये प्रेरित किया जा सकता है। मतदाताओं को जागरूक करने में सभी दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्हें बताया गया कि निर्वाचन आयोग के वेबसाईट एवं वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे भी वोटर हेल्पलाईन ऐप को मोबाईल में डाउनलोड करें एवं सम्पर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को डाउनलोड करने के लिये प्रोत्साहित करें। एसडीओ ने बताया कि विगत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 63.69 प्रतिशत एवं विधानसभा चुनाव में मतदान 67.91 प्रतिशत रहा है। मतदान प्रतिशत राज्य के औसत से कम होने के कारण मतदाता सूची में विद्यमान त्रुटियों को प्रपत्र 7 अथवा 8 के माध्यम से सुधार करने के लिये सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी लोग पुनरीक्षण अवधि में बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान के उद्देश्य से सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र अभिकर्ता की नियुक्ति करने के साथ-साथ 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छ, शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों ने आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर अभिकर्ता की नियुक्ति करते हुये उनका नाम एवं मोबाईल नं उपलब्ध करा दिया जायेगा। बैठक में एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, नगर ऊंटारी के बीडीओ रौशन कुमार, भवनाथपुर के नन्द जी, बीडीओ डंडई, भाजपा के मुकेश चौबे, झामुमो के अमरनाथ पांडेय, बसपा के मनोज कुमार चौबे, आप के सत्यप्रकाश पांडेय, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट के घनश्याम पाठक, भाकपा-माले के रंजन विश्वकर्मा, अनुमंडल कार्यालय के उपेन्द्र कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने को विशेष कोर्ट गठन की मिली मंजूरी

रांची। झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोकने के लिए विशेष कोर्ट के गठन की मंजूरी दी गई। इसके तहत परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय अधिनियम-2023 की धारा-26 के तहत अपर न्यायायुक्त-एक, रांची के कोर्ट को विशेष कोर्ट के रूप में स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट की बैठक में लिए गए अन्य फैसले

- झारखंड हाई कोर्ट में दायर मामले में माभगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित करने और उनकी बेटी प्रिया महान्ती को अनुकंपा पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट के आदेश पर हसनैन अख्तर की सेवा नियमित करते हुए उन्हें वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट में दायर मामले में सेवानिवृत लिपिक देवनारायण सिंह की सेवा नियमित करने और अन्यि वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट के लिए नियुक्त विधि पदाधिकारियों और उनके एसोसिएट काउंसेल की ओर से हाई कोर्ट के अलावा मुख्यालय के अंदर किसी अन्य कोर्ट या न्यायाधिकरण में पैरवी करने के लिए फीस निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- ऊर्जा विभाग के मुख्ये अभियंता के सचिव अरविन्द कुमार बलदेव प्रसाद के इलाज में हुए 28 लाख रुपये के खर्च की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया। उनके कैंसर का इलाज अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर, चेन्नई में किया गया था।
- गोड्डा के एनआरईपी के पूर्व कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी पर लगाए गए दो वेतन वृद्धि की रोक के खिलाफ विरूद्ध समर्पित अपील को स्वीकृत करते लगाए गए दंड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी स्वार्गीय नागेन्द्र कुमार सिन्हा को एयर एम्बुलेन्स से रांची से हैदराबाद ले जाने और इसपर खर्च हुए 14.52 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया।
- जल संसाधन विभाग के विशेष भू-अर्जन और पुनर्वास कार्यालयों के छटनीग्रस्त कर्मियों की सेवा समाप्ति और पुनर्बहाली के बीच की सीमा सेवा के दौरान वेतन देने का निर्णय लिया गया।
- छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रण में चलने वाले आश्रम विद्यालयों, पीवीटीजी आवासीय प्राथमिक विद्यालयों, अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय तथा अनुसूचित जाति आवासीय प्रा. विद्यालयों के संचालन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कराने की अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई।
- जन वितरण प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण प्रक्रिया के क्रम में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में ई-पोस मशीन के जरिए खाद्यान्न वितरण के लिए नियमावली को शिथिल करते हुए मेसर्स लिंकवेल टेलीसिस्टम प्राईवेट लिमिटेड और मेसर्स इंटिग्रा माईक्रोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड से अगले आठ माह या फोर जी नेटवर्क आधारित ई-पोस मशीन लगाने के लिए अवधि में विस्तापर किया गया।
- राज्य के मेडिकल कॉलेजों में पीजी (मेडिकल, एमडीएस) में पास होने के बाद तीन वर्षों की आवश्यक सरकारी सेवा की बाध्यता संबंधी प्रावधानों में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम-2017 में संशोधन करने के लिए प्रस्तावित झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2025 को झारखंड विधानसभा के चालू सत्र में पुर:स्थापित करने की स्वीकृति दी गई।
- लातेहार जिले के सिकनी कोल ब्लॉक के 410.75 एकड़ क्षेत्र में से 133.473 एकड़ पर झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि. के खनिज खनन पट्टा की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड कारा और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक-2024 को वापस लेते हुए झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक-2025 को झारखंड विधानसभा में पुनर्स्थापन की स्वीकृति दी गई।
- एक जनवरी 2016 से लागू रिवाइज्डी वेतनमान पेंशन में बदलाव की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (होमागार्ड), उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सहायक कारापाल संवर्ग नियमावली-2012 में संशोधन करते हुए झारखंड सहायक कारापाल संवर्ग नियमावली- 2025 प्रवृत करने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के पीवीटीजी और अन्य आदिवासी समूह के अविद्युतीकृत टोलों तथा घरों के विद्युतिकृत करने के लिए ऑन-ग्रिड और ऑफ ग्रिड योजना के लिए 55.92 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- रांची में बन रहे 5000 एमटी क्षमता के कोल्डप स्टो रेज के तीसरे पुनरीक्षित राशि के रूप में कुल 11 करोड़ 65 लाख 41 हजार 783 की स्वीकृति दी गई।

**पर्यावरणविद डॉ कौशल ने पौधा दान कर होली मिलन समारोह का किया शुभारंभ**

# दो दिलों को जोड़ने व एक दूसरे को मदद करने का त्योहार है होली : डॉ कौशल

बंशीधर न्यूज



**छतरपुर :** अनुमंडल के ग्राम पंचायत चिरू के सुंगरी मोड़ पर नई बाजार के वार्षिक उत्सव पर आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने फीता जोड़कर एवं थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाकर किया। पर्यावरणविद डॉ कौशल ने होली मिलन समारोह में बिहार से आये लोक कलाकारों को भी पौधा दान कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार कोई भी शुभ कार्य में पौधा दान करने व फीता काटकर नहीं उसे जोड़कर शुभारंभ करने का विधान है। श्री कौशल ने कहा कि विक्रम संवत के अनुसार वर्तमान वर्ष की समाप्ति व नववर्ष के आने की खुशी में हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन होते आ रहा है और आगे भी होते रहेगा। उन्होंने कहा कि मानवीय भुलों के कारण धरती के कई जीव जैसे डायनासोर और कई जीव विलुप्ति के कगार पर हैं। पर्यावरण बचाने और स्वयं के लाभ किसान वृक्ष खेती करते हैं। उनके लिये वह फिक्स्ड डिपॉजिट का काम करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश के किसान बड़े पैमाने पर बृक्ष की खेती करते हैं। जिसका भरपूर लाभ उन्हें मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैदानी इलाकों से ज्यादा पठारी इलाकों के किसान बृक्ष खेती का ज्यादा महत्व देते है। उन्होंने कहा कि लोग आने वाले पीढ़ी को क्या जवाब देंगे। बिहार से आये व्यास सृजानंद पांडेय ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का उद्घाटन मेरे जीवन का अनमोल क्षण है। मौके पर सचिन पांडेय, रामप्रसाद यादव व्यास जी, बाजार समिति के अध्यक्ष समारु यादव, सचिव वीरेंद्र उरांव, सुखदेव यादव, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, डॉ बीके यादव, दो बैजनाथ प्रसाद, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)